Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- ०६ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ मई २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## लॉकडाउन में हजारों जिंदगियां बचाने में कामयाब रहा भारतः प्रधानमंत्री

### मंत्र : दो गज दूरी है जरूरी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। कोविड-१६ से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने और इस महामारी से निपटने हेतु आगे की योजना बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार दिनांक २७.०४.२०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं क्योंकि देश पिछले डेढ़ महीनों में हजारों लोगों की जान बचाने में कामयाब रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की आबादी कई देशों की संयुक्त जनसंख्या के बराबर है, और देश ने अब तक दो लॉकडाउन देखे हैं, दोनों ही कुछ पहलुओं में एक-दूसरे से भिन्न हैं, और अब हमें आगे की राह के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार, कोरोना वायरस का प्रभाव आने वाले महीनों में भी दिखाई देगा। 'दो गज दूरी' के मंत्र को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि मास्क आने वाले दिनों में हमारे जीवन का हिस्सा बन जाएंगे। मुख्यमंत्रियों ने संकट की इस अवधि में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा की, और वायरस को फैलने से रोकने के लिए अपने द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## लॉकडाउन में आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई कर रेल देश के लिए जीवन रेखा का किया काम- पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल के माल ढुलाई संबंधी परिचालनों में बदलाव लाने के लिए संभावित तरीकों और साधनों पर विचार मंथन करने के लिए रेल मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार दिनांक ०१.०५.२०२० को लॉजिस्टिक्स उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों/हितधारकों की बैठक बुलाई। बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ लॉजिस्टिक्स उद्योग के शीर्ष व्यापारियों ने भाग लिया। पीयूष गोयल ने कहा कि रेलवे कोविड संकट के इस अवधि के दौरान देश भर में आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई करके देश के लिए जीवन रेखा का काम किया है। बैठक में कई रचनात्मक सुझाव जिनमें माल भाड़ा दरों को तर्कसंगत बनाना और लॉजिस्टिक्स लागतों को ज्यादा उचित बनाना, बंदरगाहों पर लोडिंग/अनलोडिंग की दक्षता में सुधार लाना आदि शामिल थे। बैठक मे रेल मंत्री गोयल ने कहा, माल ढुलाई के परिचालन में बदलाव लाने और कुल फ्रेट ट्रैफिक को दोगुना कर २.५ बिलियन टन तक पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करने के लिए हमें शुरु से अंत तक नॉनस्टॉप फास्टर ट्रेनों, बेहतर सिग्नलिंग प्रणाली, कार्गो ट्रेनों के लिए बेहतर सारिणी और टाइम टेबल तथा वित्तपोषण के बेहतर विकल्पों की आवश्यकता है।

## फंसे श्रमिकों के लिए श्रमिक दिवस पर चली श्रमिक स्पेशल ट्रेन



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार, लॉकडाउन के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे प्रवासी मजदूरों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों पर ले जाने के लिए आज दिनांक ०१.०५.२०२० से श्रमिक दिवस पर श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। मानक प्रोटोकोल्स के अनुसार इन फंसे हुए लोगों को भेजने वाली और उनकी अगवानी करने वाली संबंधित दोनों राज्य सरकारों के अनुरोध पर ये विशेष रेलगाडियां एक जगह से दूसरी जगह के बीच चलेंगी।

रेलवे और राज्य सरकारों की ओर से समन्वयन और श्रमिक स्पेशल्स के सुचारु परिचालन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

## कोविड-19 कि जंग में मई महीना हो सकता है अहमः चिकित्सा विशेषज्ञ

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारत में तीन मई के बाद फिर लॉकडाउन ३.० की घोषणा हो चुकी है। वहीं चिकित्सा विशेषज्ञों की माने तो मई महीना कोरोना वायरस के खिलाफ चल रही जंग में आर या पार'वाला साबित हो सकता है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है रेड जोन में आक्रामक नियंत्रण की रणनीति की जरूरत है और ग्रीन जोन में भी राहतें देते हुए पूरी निगरानी करने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि यह समझना बहुत जरूरी है कि लॉकडाउन से वायरस मरता नहीं है, इससे केवल वायरस के प्रसार की रफ्तार कम होती है और वह कम हो रही है। इसलिए मई महीनें मे लॉकडाउन का सख्ती से पालन करना बहुत आवश्यक है।

## देश में 17 मई तक बढ़ा लॉकडाउन

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। कोविड-१६ के प्रसार को रोकने के लिए देश में लॉकडाउन को दो सप्ताह यानी १७ मई तक बढ़ा दिया गया है, जो ०४ मई से प्रभावी होगा। लॉकडाउन में इस बार देश को ग्रीन, ऑरेन्ज और रेड जोन में बांटा गया है। जिसके लिए गृह मंत्रालय ने तीनों जोन के लिए दिशा-निर्देश और शर्तों के साथ छूट का ऐलान भी किया है। गाइडलाइंस के मुताबिक इन सभी जोन में यह प्रतिबंध लागू रहेगा, जिसमें हवाई यात्रा, रेल, मेट्रो, सड़क मार्ग से एक राज्य से दूसरे राज्य में प्रवेश, स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान, होटल, रेस्त्रं, सिनेमा हॉल, मॉल्स, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स,सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक स्थलों पर इकट्ठा होने पर रोक रहेगी। गृह मंत्रालय के आदेश मुताबिक कुछ उद्देश्यों से वायु, रेल और सड़क मार्ग से आवाजाही हो सकेगी।

# नहीं रहे भारतीय सिनेमा के दो रियल वारियर्स





रे.स.ब्यू./सूत्र. मुंबई। बॉलीवुड के जाने माने रोमांटिक एक्टर ऋषि कपूर का ६७ साल की उम्र में निधन हो गया। बता दें कि दो सालों तक ल्यूकेमिया से जूझने के बाद मुंबई के एचएन रिलाइंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में गुरुवार दिनांक ३०.०४.२०२० को सुबह पौने नौ बजे उन्होने अंतिम सांस ली। कैंसर से लड़ रहे ऋषि कपूर की मौत की खबर आने से देश और बालीवुड सन्न रह गया है। वहीं सिने जगत के मशहूर अभिनेता इरफान खान ने मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में बुधवार दिनांक २६.०४.२०२० को अंतिम सांस ली थी। कैंसर से पीड़ित इरफान खान पिछले साल लंदन से इलाज करवाकर लौटने के बाद से ही कोकिलाबेन अस्पताल के डॉक्टरों की निगरानी में थे। वह ५३ साल के थे। इन दो मझें कालाकारों के जाने से बालीवुड समेत समेत राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, दिल्ली के मुख्यमंत्री, राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

# संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय ने शुरू किया फेसबुक पेज

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का फेसबुक पेज आरंभ हो गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण आचार्य और कुलपति प्रो. राजाराम शुक्ला, ने दिनांक २३.०४.२०२० को ऑनलाइन पेज का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. आचार्य ने कहा कि यह संस्था परंपरागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक तकनीक के माध्यम से ज्ञान का प्रसार कर रही है। कुलपति प्रो. शुक्ल ने कहा कि जन-जन तक परंपरागत शिक्षा पहुंचाने के लिए फेसबुक पेज की शुरुआत की गई है।

# इंसानियत का पैगाम देता है रमजान माह

बरकत वाला पाक रमजान का महीना शुरू हो गया है। रमजान का महीना भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है और इस महीने में खुदा रोजेदार पर अपनी रहमतों की बारिश करता है। वहीं रोजा सिर्फ भूखा रहने का नाम नहीं बल्कि इंसान को इंसान से प्यार करना भी सिखाता है।

रोजा गरीब भाइयों से मोहब्बत करने का जज्बा पैदा करता है। भूखे प्यासे रहकर खुदा की इबादत करने वालों के गुनाह माफ हो जाते हैं। माह रमजान के बारे में एक मौलाना ने बताया कि रोजा अच्छी जिंदगी जीने का तरीका है। रमजान का महीना तमाम इंसानों के दुख, दर्द और भूख, प्यास को समझने का महीना है ताकि रोजेदारों में भले बुरे को समझने की सलाहियत पैदा हो। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की कहानी भूख, प्यास और इंसानी ख्वाहिशों के इर्द गिर्द घूमती है। रोजा इन तीनों चीजों पर सब्र रखने का पैगाम है।

# आरोग्य सेतु एप पर अपनी स्थिति देखने के बाद ही दफ्तर आएं केंद्रीय कर्मचारी

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। बेहतर सुरक्षा के लिए सभी सरकारी कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मियों को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करने के लिए कहा गया है। बुधवार दिनांक २६.०४.२०२० को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने आउटसोर्स कर्मियों सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को एप पर अपनी स्थिति एक बार चेक करने के निर्देश दिए हैं और इस दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। कार्य स्थल पर आने से पहले वे इस बात की पुष्टि करें कि वे सुरक्षित या कम जोखिम वाली श्रेणी में आते हैं।

अगर एप पर उनकी स्थिति उच्च जोखिम वाली दिखाती है तो उन्हें कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें १४ दिनों के लिए खुद को सेल्फ आइसोलेशन कर लेना है जब तक कि उनकी स्थिति सुरक्षित और कम जोखिम वाली नहीं हो जाती।

# लॉकडाउन में बच्चों का बदल रहा है मिजाज

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉकडाउन में घर से बाहर खेल नहीं पा रहे बच्चों के मिजाज में भी अब बदलाव आने लगा है। पढ़ाई के अलावा और कोई काम न होने की वजह से बच्चे चुप रहते हैं या फिर शैतानी अधिक कर रहे हैं। ऑनलाइन होमवर्क भी जल्दी हो जाता है और फिर मोबाइल गेम और कार्टून चौनल देखने में व्यस्त हो जाते हैं। यह भी देखा जा रहा है कि टोकने पर बहुत चिल्लाकर बात करने लगते हैं। इसके साथ ही खाना- पीना कम कर दिया है। बच्चों में चिड़चिड़ापन भी आ रहा है। वहीं मनोरोग विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों में एनर्जी बहुत होती है। इसके लिए बच्चों के अटेंशन डायवर्ट तकनीक का इस्तेमाल किया जाना जरूरी है।

# महामारी के खिलाफ जंग में रेलवे के सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने दिया अमूल्य योगदान



रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। कोविद-१६ वायरस के कारण होने वाले वैश्विक महामारी के समय लॉकडाउन में लोगों को रहत देने के लिये किये जाने वाले प्रयासों में हर तरह से कार्यशील है। राजीव चौधरी, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य व उत्तर रेलवे के मार्गदर्शन में सरकार द्वारा वायरस के प्रसार को रोकने का उपयोग नए-नए तरीकों से किया जा रहा है जिसमेँ रेल डिब्बों को मोबाइल क्वारंटाइन केंद्रों में परिवर्तित करना या लोकोमोटिव, कोच और वैगन रखरखाव कार्यशालाओं में सुरक्षात्मक गियर का उत्पादन करना शामिल है। वहीं कर्मचारी भी इस कठिन समय में भाव के साथ न केवल माल गाड़ियों के परिचालन में शामिल हैं, बल्कि वांचितों की देखभाल भी कर रहे हैं। दूसरी ओर जब अधिकांश लोग अपने घरों में स्थिर व सुरक्षित हैं, उत्तर रेलवे के सिविल डिफेंस स्वयंसेवक समाज को स्वेच्छा से अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस कठिन दौर में लोगों की परेशानियों को कम करने के लिए संस्था के सदस्य बड़े समर्पण और निष्ठा के साथ रेल कर्मियों और समाज के अन्य वर्गों के लोगों की मदद कर रहे हैं।

# अक्षय तृतीया पर लॉकडाउन ने करोड़ो के कारोबार को किया प्रभावित

अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है वहीं लॉक डाउन के चलते रविवार दिनांक २६.०४.२०२० को अक्षय तृतीया पर बाजार में खामोशी रही। दूसरी ओर होली के पहले से ही तैयारियों में जुटे कारोबारियों को इस बात की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। अनुमान के मुताबिक लॉक डाउन न होता तो सिर्फ सराफा बाजार में रविवार को ही करीब १५० करोड़ का कारोबार हो गया होता। नामी ज्वैलर्स ने इस बीच ग्राहकों को ऑन लाइन बुकिंग का भी ऑफर दिया। लेकिन इसका रिस्पांस भी बेहतर नहीं मिला।

# उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में किया गया भोजन के पैकेट का वितरण

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस के संक्रमण की आपात स्थिति में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल द्वारा मंडल रेल राहत कोष स्थापित किया गया था है, जिससे मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज अमिताभ के निर्देश पर जरूरतमंद लोगों को भोजन व राशन की मदद करते हुए सार्थक किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक २७.०४.२०२० को भारत सेवाश्रम संघ में बाहर से आने वाले व्यक्तियों जो लाक डाउन के कारण अपने घर वापस नहीं जा सके उनकी मदद हेतु मंडल रेल राहत कोष के माध्यम से राशन के पैकेट जिसमें आटा, दाल,चावल,तेल मसाला, मसाला, बिस्किट,साबुन आदि वितरित किये गए तथा प्रयागराज मंडल द्वारा खुसरोबाग व डी एस ए ग्राउंड के समीप गरीब बस्ती में लगभग २०० भोजन के पैकेट वितरित किये गए। जिसमें मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन किया गया

# कंट्रोल का चावल गोदाम में मिलने पर एफआईआर

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लाकडाउन इस दौर में भी सरकारी गल्ले की दुकानों से बंटने वाले खाद्यान की कालाबाजारी जारी है। खलीफा मंडी में एक गोदाम में ६७ बोरा चावल मिला जो गरीबों को मिलने वाला चावल था। सोमवार दिनांक २७.०४.२०२० को शिकायत पर जब छापेमारी की गई तो बोरे में एफसीआई की मुहर लगी थी। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी को चावल की कालाबाजारी की शिकायत मिली थी, जिसके बाद जांच टीम भेजी तो खलीफा मंडी में एक गोदाम में ६७ बोरा चावल बरामद हुआ। सामान जब्त कर शाहगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। बोरे पर एफसीआई की मुहर लगी थी।

**सम्पादकीय**

# जागरूकता से ही कोरोना कि लड़ाई

पूरा देश जहां लॉकडाउन का दंश झेल रहा है। पिछले दिनों जिस तरह कई इलाकों में लोगों ने लॉकडाउन को लेकर लापरवाही दिखाई, उसमें आम लोगों मे कहीं जागरूकता की भी कमी दिखी। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि बात याद करें, उन्होने यह कहा था कि अगर २१ दिन नहीं संभले तो आपका देश और आपका परिवार २१ साल पीछे चला जाएगा। जिसके बाद सरकार को भी सख्त रुख अपनाना पड़ा है। नियम तोड़ने वालों पर एक महीने से दो साल तक की सजा का प्रावधान कर दिया गया है। उसके बाद लॉकडाउन -०२ कि भी घोषणा। लंबे लॉकडाउन से कई चुनौतियां भी सामने आने वाली हैं। उनसे निपटने के लिए सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय भी दिया है और आगे भी देगी। वहीं कुछ लोग अभी भी इस गंभीर बीमारी को नहीं समझ पा रहे हैं। जैसे कई चिकित्सा कर्मियों ने शिकायत की है कि उनके मकान मालिक उनसे जबरन मकान खाली करा रहे हैं, वहीं किराया ना देने पर मजदूर वर्ग को घर से निकाला जा रहा है। क्या इन लोगों के अंदर जरा भी मानवता नहीं बची, हालांकि इस पर भी सरकार को दखल देना पड़ा कि जो लाकडाउन में किराये के लिए दबाव बना रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करें। लॉकडाउन लंबा है, और लोगों को कई दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इस बात को भी ना भूलें कि आपका एक गलत कदम आपके सारे घर, मोहल्लों को संक्रमित कर सकता है। इसलिए जागरूकता का परिचय देते हुए, प्रशासन का भी सहयोग करें, ताकि जल्द से जल्द इस माहामारी से निकला जा सके।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# ई-कामर्स कंपनियों को छूट देने पर भड़के व्यापारी

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। स्थानीय खुदरा व्यापारियों ने सरकार द्वारा ई-कामर्स कंपनियों को २० अप्रैल से कारोबार करने की छूट देने की बात का विरोध जताया है।शहर के तमाम व्यापारिक संगठनों का कहना है कि जब ऑनलाइन कंपनियों को छूट दी जा सकती है तो कुछ नियम के आधार पर टीवी, फ्रिज, एसी आदि का कारोबार करने वालों को भी छूट दी जाए। तमाम कारोबारियों ने गर्मी के सीजन की वजह से होली के पहले ही अपने शोरूम में फ्रिज, एसी आदि का भरपूर स्टॉक मंगवा लिया था, लेकिन लॉकडाउन ने उनके सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया। बीते लाकडाउन के दौरान प्रयागराज में सिर्फ इलेक्ट्रानिक्स आइटम बेचने वाले कारोबारियों को ही १५० करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। वहीं लॉकडाउन के बाद बाजार खुलेगा तो ग्राहक बाजार में नहीं आएंगे।

# लॉकडाउन में री-इंगेज रेलकर्मचारियों की सेवा हुई समाप्त

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लाकडाउन मे री-इंगेज हुए रेल के २३८ कर्मचारियों को केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन ने बाहर कर दिया है। इस सभी कर्मचारियों को एक मई से कार्यालय न आने के लिए कहा गया है। इनमे सभी सेवानिवृत्त कर्मी हैं जिन्हें दोबारा नौकरी पर रखा था। वहीं उत्तर मध्य रेलवे मे भी कार्य कर रहे १००० री-इंगेज रेलकर्मियों को बाहर करने की तैयारी कर ली है। दरअसल, कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे और कोर ने अपने यहां सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दोबारा नौकरी पर रखा था। कोविड-१६ के कारण केंद्र सरकार की गाइड-लाइन की वजह से ही रेलवे प्रशासन अब सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा नहीं लेगा। सूत्रों के अनुसार कोर के सीपीआरओ अमिताभ शर्मा ने कहा कि कि कोविड-१६ की वजह से ६० वर्ष से ज्यादा की उम्र वाले रेलकर्मियों से काम नहीं कराने का निर्णय लिया गया है। वहीं उत्तर मध्य रेलवे के जीएम राजीव चौधरी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सूची मांगी हैं। जिस पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

# एक साथ तीन महीने की स्कूल फीस को बाध्य ना करें स्कूल

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉकडाउन को देखते हुए प्रयागराज जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा ने सभी अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम स्कूलों को निर्देशित किया है, कि वह अभिभावकों को एक साथ तीन महीने की फीस जमा करने के लिए बाध्य नहीं करें। सीबीएसई, सीआईएससीई और यूपी बोर्ड समेत सभी स्कूल के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यो को शनिवार दिनांक १८.०४.२०२० को यह आदेश जारी किया है। डीआईओएस ने सभी स्कूल के प्रधानाचार्यो और प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि वह शासन के आदेशों का पालन करें।

# ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पानी पिला प्यास बुझा रही है रेलवे

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेलवे और उसके अन्य संगठनों की मदद से कोविड के खिलाफ जंग को समेकित रूप से जीवित रखने के अथक प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में रेलवे ने कोविड-१६ के खिलाफ जंग में सड़कों पर उतरे दिल्ली पुलिस के कर्मियों को प्रतिदिन १०००० पानी की बोतले उपलब्ध कराना शुरु किया है। झुलसती गर्मी में कष्टकारी हालात का सामना करते हुए पुलिसकर्मी न सिर्फ लॉकडाउन का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर चुनौतिपूर्ण हालात में डॉक्टरों और अर्द्ध चिकित्सक कर्मियों के साथ विभिन्न स्थानों पर भी जा रहे हैं। वहीं भारतीय रेल ने अपने पीएसयू आईआरसीटीसी की मदद से नई दिल्ली में १६.०४.२०२० से प्रतिदिन रेलनीर की १०००० बोतलों का निशुल्क वितरण शुरु किया है। ये बोतलें एक-एक लीटर की हैं। इन्हें नांगलोई स्थित रेलनीर संयंत्र से लेना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि कोविड-१६ के कारण जारी लॉकडाउन के बाद से भारतीय रेल निस्वार्थ और स्वेच्छिक रूप से जरूरतमंद लोगों को पका हुआ गर्म भोजन भी उपलब्ध करा रही है। रेलवे आईआरसीटीसी की बेस किचन, आरपीएफ संसाधनों और एनजीओ के योगदान के जरिए बड़ी मात्रा में पेपर प्लेट्स पर दोपहर का भोजन और खाने के पैकेटों में रात का भोजन उपलब्ध करा रहा है।

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।


प्रधान सम्पादक

# कोरोना की जांच को यूपी में तय हुआ लैब का रेट

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोरोना वायरस संक्रमण की जांच को यूपी में प्राइवेट लैब के लिए स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश जारी कर कहा गया है कि, आईसीएमआर से अनुमति प्राप्त निजी लैब पहली जांच के लिए अधिकतम १,५०० रूपये ले सकती हैं। आईसीएमआर ने पहली जांच के लिए अधिकतम १,५०० रूपये और दूसरी जांच के लिए अधिकतम ३,००० रूपये की दर तय की है।

यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह जांच केवल वे निजी लैब ही करेंगी जिनका कोविड-१६ के परीक्षण के लिए आईसीएमआर ने अनुमोदन किया है। उप्र के प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कोई व्यक्ति कोविड-१६ के संक्रमण का पता लगाने के लिए पहली जांच करवाता है तो उसे १,५०० रूपये देने होंगे और यदि दूसरे जांच की आवश्यकता है तो अधिकतम ३,००० रूपये देने होंगे।

# रमजान पर हो आजाम खाँ कि रिहाई- अखिलेश यादव



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वरिष्ठ नेता व रामपुर के सांसद आजम खां, उनकी पत्नी व बेटे को रमजान के महीने में रोजे का फर्ज अदा करने के लिए जेल से रिहा करने का आग्रह किया है। गुरुवार दिनांक २३.०४.२०२० को अखिलेश ने कहा कि आजम खां कई बार मंत्री, विधायक और राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं और वर्तमान में सांसद है। अखिलेश यादव ने कहा है कि वह दोनों बीमार हैं। उन्हें जेल में रखकर प्रताड़ित किया जा रहा है और इस पर सरकार का व्यवहार शोभनीय नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के इशारे पर आजम खां के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सत्ता दल उनकी छवि बिगाड़ने पर तुला है। उन्होने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में उन्हें भी देश के स्वतंत्र नागरिक के रूप में धार्मिक फर्ज अदायगी का अवसर मिलना चाहिए।

# प्रयागराज में कोरोना के मिले तीन नए संक्रमित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जिले में कोरोना के तीन नए संक्रमित मरीज मिलने से हड़कंप मच गया। तीनों संक्रमितों की जांच रिपोर्ट शुक्रवार दिनांक २४.०४.२०२० को आई जिसके बाद इनको कोविड १६ के लिए बने एल वन अस्पताल कोटवा बनी सीएचसी में भर्ती किया गया। शुक्रवार को मिले तीनों कोरोना संक्रमितों में दो युवक शंकरगढ़ इलाके के रहने वाले हैं। २१ अप्रैल को मुंबई से लौटकर आए थे। इसके अलावा एक युवक शिवकुटी इलाके का रहने वाला है। हाल ही में वह ई-पास बनवाकर बनारस गया था। दूसरी ओर शंकरगढ़ व शिवकुटी इलाके को हॉट स्पॉट घोषित कर उसके एक किमी. के दायरे में जांच अभियान शुरू कर दिया गया है।

# कोरोना के संकट में किसान रथ मोबाइल एप मील का पत्थर-नरेंद्र सिंह तोमर



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। विश्वव्यापी कोरोना वायरस के संक्रमण के दौर में, देश में खेती-किसानी से जुड़े तमाम लोगों को हरसंभव मदद और राहत देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार निरंतर काम कर रही है। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार दिनांक १७.०४.२०२० को कृषि उत्पादों के परिवहन में सुगमता लाने के उद्देश्य से किसान रथ मोबाइल एप लांच किया। इस अवसर पर तोमर के साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री परषोत्तम रूपाला एवं कैलाश चौधरी तथा मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तोमर ने कहा कि यह मोबाइल एप निश्चित रूप से पूरे देश में कृषि उत्पादों के सुचारू परिवहन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# शहनाई की खुशियों पर पड़ा कोरोना का पर्दा

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन का व्यापक असर लोगों की खरमास बाद शुरू होने वाली शादियों पर भी पड़ा है। महीनों पहले से ही तय शादियों के लिए गेस्ट हाउस, माली, रोड लाइट, बैंड बाजा, भांगड़ा व हलवाई की बुकिंग हो चुकी थी। जिसके लिए लोगों ने अग्रिम भुगतान भी किया था।

वहीं पूरे सीजन में इस सेक्टर को ५० करोड़ रुपये से अधिक की चपत लगने का अनुमान है। सूत्रों के अनुसार प्रयागराज लाइट एंड साउंड एसोसिएशन के महामंत्री अंजुम अली खान ने बताया है कि शहर से देहात तक जून महीने तक की शादियों की पांच हजार से अधिक बुकिंग निरस्त हो चुकी है। दूसरी ओर बुकिंग कैंसिल होने के बाद लोग एडवांस भुगतान वापस करने के लिए भी दबाव बना रहे हैं। जिससे विवाद भी शुरू हो गया है।

# भाजपा पदाधिकारियों ने पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना के योद्धा पुलिसकर्मियों को भाजपा की ओर से सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने सिविल डिफेंस, जिला अपराध निरोधक से जुड़े लोगों का भी पुलिसकर्मियों के साथ माल्यार्पण कर उन्हें वारियर्स कहा। दिनांक १६.०४.२०२० को भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेष केसरवानी ने धन्यवाद पत्र भी पुलिसकर्मियों को सौंपा और कोतवाली, जानसेनगंज चौराहे, कीडगंज थाना पर तैनात पुलिसकर्मियों को माला पहना कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान विवेक सिंह, मनोज मिश्र, दिनेश विश्वकर्मा, राजू वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर भाजपा यमुनापार के महानगर अध्यक्ष विभव नाथ भारती ने भी नैनी में कई पुलिस कर्मियों का माला पहनाकर उनका स्वागत किया। दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मनोज गुप्ता, प्रवीण सिंह, बृजेश पांडेय, आदि मौजूद रहे।

# बिना मास्क के निकले तो होगा अब जुर्माना

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉकडाउन पार्ट-०२ में भी जिले के लोगों को पूर्व की भांति सभी पाबंदियों का पालन करना होगा। सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी होने के बाद प्रशासन की हुई बैठक में इसे सख्ती से पालन कराने का निर्णय लिया गया। बिना मॉस्क लगाए बाहर निकालने वालों को अब जुर्माना भरना होगा। बतादें कि लॉकडाउन का दूसरा चरण तीन मई तक लागू रहेगा। वहीं प्रशासन का पूरा ध्यान अब लॉकडाउन को सख्ती से लागू कराने पर है। ताकि, कोई भी नया कोरोना पॉजिटिव जिले में प्रवेश न करने पाए। इसके लिए सीमा सील करने के अलावा कई अन्य प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। साथ में लाकडाउन का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्ती भी शुरू हो चुकी है।

# बिना राशन कार्ड के भी जरूरतमंदों को उपलब्ध कराएं राशन- मुख्यमंत्री योगी

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी के पास राशन कार्ड या आधार कार्ड न होने के स्थिति में भी अगर वह जरूरतमंद है तो उसे खाद्यान्न अवश्य उपलब्ध कराया जाए, उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रदेश में न तो कोई भूखा रहे और न ही भूखा सोए। मुख्यमंत्री योगी लोकभवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में शुक्रवार दिनांक १७.०४.२०२० को लॉकडाउन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-१६ के संक्रमण से उत्पन्न विशेष परिस्थितियों में गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश में ३० जून तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सार्वभौमिकरण किया जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन में सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर कम्युनिटी किचन और शेल्टर होम सफलता पूर्वक संचालित किए जा रहे हैं, और यही व्यवस्था आने वाले समय में भी जारी रखी जाये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कालाबाजारी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए।


# आवारा कुत्तों का पालनहार बना नगर निगम

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉक डाउन में भूखे कुत्तों को खाना खिलाने की नगर निगम ने मुहिम शुरू की है। निगम द्वारा एक हजार रोटियां बनवाकर दिन में तीन बार विभिन्न क्षेत्रों में कुत्तों को खिलाई जा रही हैं। बतादें कि पशुधन विभाग के साथ इस कार्य में दस स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जोड़ा गया है। वहीं नगर आयुक्त रवि रंजन ने नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. धीरज गोयल को भूखे कुत्तों के लिए खाने कि व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

# बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल बर्बाद

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने गेहूं की फसल बर्बाद कर दी। जिले में १५ अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू हुई थी। वहीं गुरुवार दिनांक १६.०४.२०२० को क्रय क्रेंद्रों पर गेहूं के ११ नमूने लिए गए थे, जिसमें नौ नमूनों को फेल पाया गया। दूसरी ओर एसडीएम करछना की ओर से इसके लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है। जिसमें बताया गया कि दाने टूटे हुए और पतले थे जो भारतीय खाद्य निगम की टीमों की जांच में मानक के अनुसार नहीं थे। जहां के कृषकों के गेहूं ज्यादा खराब पाए गए हैं उनमें करछना, मेजा, और कौंधियारा के किसान शामिल हैं। बतादें कि क्षेत्र में पिछले महीने हुई बारिश के कारण काफी मात्र में गेहूं की फसल बर्बाद हो गई थी। जिसके बाद शासन ने लगभग एक लाख किसानों को मुआवजा दिया था लेकिन अब जो गेहूं ओलावृष्टि व बारिश से बच गए थे वो भी अब मानक के अनुरूप नहीं हैं।

# राहुल गांधी ने अमेठी भेजी खाद्य सामग्री



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। राहुल गांधी ने अमेठी के जरूरतमंदों की मदद के लिए नौ ट्रक खाद्यान्न भेजा है राहुल गांधी ने पिछले दिनों एक ट्रक गेहूं व एक ट्रक चावल भेजने के बाद फिर चार ट्रक गेहूं, चार ट्रक चावल व एक ट्रक दाल भेजकर इसका वितरण जरूरतमंदों में कराने को जिलाध्यक्ष से कहा है। अमेठी से तीन बार लोकसभा पहुँचने वाले राहुल गांधी पिछला लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी कोरोना संकट में यहां के लोगों के साथ खड़े हैं। पिछले खाद्यान्न के बंट जाने के बाद गुरुवार दिनांक १६.०४.२०२० को फिर उनकी ओर से राशन की बड़ी खेप अमेठी भेजी गई। वहीं भेजी गई सामग्री जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल को मिल गई है।

# उत्तर रेलवे के जीएम राजीव चौधरी को मिला पद के लिए विस्तार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक पद का उत्तर मध्य रेलवे के साथ उत्तर रेलवे का भी कार्यभार देख रहे राजीव चौधरी को अगले आदेश तक उत्तर रेलवे का अतिरिक्त प्रभार देखने के लिए अधिकृत किया गया है। वहीं एनसीआर के अफसरों एवं कर्मचारियों ने पद का विस्तार मिलने पर उन्हें बधाई दी । जनवरी २०२० में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक के सेवानिवृत्त होने के बाद से जीएम राजीव चौधरी इस पद को संभाल रहे हैं। रेलवे बोर्ड ने उत्तर रेलवे महाप्रबंधक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। राजीव चौधरी कोरोना वायरस के संकट के दौरान एनसीआर और एनआर का कुशलता के साथ नेतृत्व करते हुए पार्सल लोडिंग, औसत गति में सुधार जैसे कीर्तिमान स्थापित किए है।

# बिना जांच गाड़ी को बार्डर के अंदर न आने दें- मण्डलायुक्त



सूचना विभाग प्रयागराज। कोरोना महामारी के दौरान लागू लॉकडाउन के दृष्टिगत मण्डलायुक्त प्रयागराज आर० रमेश कुमार ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों का दिनांक २०.०४.२०२० को दौरा किया। मण्डलायुक्त पहले नगर आयुक्त कार्यालय गये, वहां पर साफ-सफाई, सैनीटाइजेशन, कर्मचारियों की उपस्थिति, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो का का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि लोगो की एवं माल वाहक गाड़ियों की बिना चेकिंग आने-जाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले लोगों का एक रजिस्टर तैयार करें, जिसमें इनका पूरा विवरण साथ ही १५ दिन का यात्रा डिटेल अंकित किया जाये। उन्होंने विशेष तौर पर प्रवासी मजदूरों को क्वारंटीन सेंटर में १४ दिन के लिए क्वारंटीन करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने राजकीय बालिका इंटर कालेज, नारीबारी में बने क्वारंटीन सेंटर का निरीक्षण भी किया।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# कोरोना के भय से छिपे बदमाशों पर कसा शिकंजा

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉकडाउन में कोरोना के डर से शातिर अपराधी भी घरों में दुबके हुए हैं। वहीं पुलिस भी लॉकडाउन में अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया और इनामी बदमाशों समेत करीब ८०० को गिरफ्तार किया। इनमें अतीक गैंग से जुड़े इनामी बदमाश भी शामिल हैं। अपराधियों के खिलाफ एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने अभियान छेड़ा है। पता चला कि लॉकडाउन के दौरान अधिकतर अपराधी अपने घरों या रिश्तेदारों के घर छिपे हैं। वहीं एसएसपी ने क्राइम ब्रांच और सभी थानेदारों को निर्दिशित किया कि वे अपने अपने क्षेत्रों में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तारी करें। सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ने अतीक अहमद गैंग से जुड़े दो इनामी बदमाश को भी गिरफ्तार किया है।


# संतों की हत्या से गुस्साए अखाड़ा परिषद ने दी, महाराष्ट्र सीएम के घेराव की चेतावनी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जूना अखाड़े के दो संतों की पुलिस की मौजूदगी में महाराष्ट्र के पालघर जिला स्थित दानू तहसील में लाठी-डंडों से पीटकर हत्या किए जाने की घटना की अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने जांच कराने की मांग की है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने रविवार दिनांक १६.०४.२०२० को इस घटना के जिम्मेदार लोगों और पुलिस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए आवाज उठाई। महंत नरेंद्र गिरि ने चेताया कि लॉक डाउन खत्म होने के बाद इस मामले में कार्रवाई के लिए दबाव बनाएंगे और महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे का घेराव भी किया जाएगा।

उन्होने कहा की जूना अखाड़े के दोनों साधु एक ब्रह्मलीन संत के समाधि कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे कि रास्ते मे समुदाय विशेष के लोगों ने उनको कोरोना संक्रमण के नाम पर घेर लिया और लाठी-डंडे से पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। महंत नरेंद्र गिरि ने केंद्र और महाराष्ट्र की प्रदेश सरकार से घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की है।

वहीं किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद ने भी इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कर सख्त कारवाई की मांग की है।

# कोराना के जंग में उत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाईड्स का सराहनीय योगदान



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। कोराना महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति का परिवहन सुनिश्चित करने में रेलवे दिन-रात जुटी हुई है। इसके साथ ही साथ रेलवे के विभिन्न विंग भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आपदा के द्वारा जनित विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए एवं इसके विरुद्ध किए जा रहे भागीरथी प्रयत्नों के अन्तर्गत उत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाईड् तत्परता से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सक्रिय निर्वहन कर रहा है। स्काउटस एवं गाईड टीम द्वारा एरिया को सेनेटाइज करने के अलावा बेघर लोगो को प्रतिदिन खाना वितरण तथा चाय प्रदान की जा रही है उत्तर रेलवे स्काउट एवं गाइड के सदस्य उदारता पूर्वक निःस्वार्थ भाव से अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# तब्लीगी जमात पर लगे प्रतिबंध- राज्य अल्पसंख्यक आयोग

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। प्रदेश में तब्लीगी जमात पर प्रतिबंध लगाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने राज्य सरकार को पत्र भेजा है, जिसमें लिखा है कि तब्लीगी जमात की वजह से ही अल्पसंख्यक समुदाय में संक्रमण फैल रहा है। पत्र में कहा गया है, हमारे संज्ञान में आया है कि उत्तर प्रदेश में अब तक जितने भी कोरोना संक्रमण के मामले आए हैं उनमें से ज्यादातर तब्लीगी जमात से जुड़े हैं। तब्लीगी जमात के लोग मदरसों व मस्जिदों में शरण लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में संक्रमण फैलाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे सरकार की संक्रमण रोकने की सभी कोशिशें निरर्थक जा रही हैं। मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी को पत्र लिखकर आयोग ने जमात को बैन करने की मांग की है।

# सेंटजॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड दे रहा है निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। पूरे देश में फैले कोविड-१६ के इस महामारी संकट के समय पिछले एक महीने से लगातार सेंटजॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्य अपने अधिकारियों के निर्देश में केंद्रीय चिकित्सालय, उ०म०रे०, प्रयागराज में आने वाले मरीजों एवं कर्मचारियों का थर्मल स्कैनिंग करने का कार्य निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं। इस कार्य में ए. के. आर्या, मोहिबुल्ला, पवन कुमार यादव, उदय चन्द्र मौर्या, आलोक कुमार वर्मा, अनूप श्रीवास्तव एवं ओम प्रकाश का विशेष योगदान रहा है।

# Southern Railway' s Parcel Cargo trains carries of essential Commodities during lockdown

RSB/Chennai: Southern Railway introduced Parcel Cargo Express Train on 1st April between Dr.MGR Chennai Central and New Delhi on round trip basis. Using these services Southern Railway has transported from April 1st till 20th April various commodities totaling a weight of 471 tonnes. The majority of them being food and dairy products weighing 225.2 tonnes. This includes vegetables and fruits transported. Medicines and medical equipments weighing 80300 kg and 39040 kg respectively, totaling 120 tonnes, were also transported. Along with these 89.1 tonnes of printed materials, 7620 kg of RMS parcels, 1000 kg of fish consignment and 2000 kg of Papad have been transported.

## विदेशी जमातियों की मदद के आरोप में प्रोफेसर शाहिद सस्पेंड

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरआर तिवारी ने विश्वविद्यालय के आर्डिनेंस में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रोफेसर मो. शाहिद को दिनांक २४.०४.२०२० शुक्रवार को निलंबित कर दिया।

प्रोफेसर पर दिल्ली के निजामुद्दीन में हुई जमात में शामिल होने की जानकारी छिपाने और जमात में शामिल हुए इंडोनेशिया के नागरिकों को शहर में शरण दिलाने का आरोप था। रजिस्ट्रार प्रो. एन के शुक्ला की ओर से जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रोफेसर को गुजारा भत्ता दिया जाएगा।

## मीडिया के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में काम के दौरान कई मीडियाकर्मियों के कोविड-१६ की चपेट में आने की घटनाओं को देखते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने देश के विभिन्न हिस्सों में कोविड-१६ से जुड़े मसलों को कवर कर रहे मीडियाकर्मियों मसलन संवाददाताओं, कैमरामैन, फोटोग्राफर्स को सलाह जारी की है। जारी एडवाइजरी में कंटेनमेंट जोन, हॉटस्पॉट और कोरोना वायरस से प्रभावित अन्य इलाकों में जाने वाले मीडियाकर्मियों को अपनी ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, मंत्रालय ने मीडिया घरानों के प्रबंधन से अनुरोध किया है कि वे फील्ड में तैनात कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यालय में काम कर रहे अपने कर्मचारियों की भी आवश्यक देखभाल करें।

## बजरंगबली की ऑनलाइन आरती में शामिल हो रहे लाखों श्रद्धालु

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना के कारण बंद पड़े बड़े हनुमान मंदिर से आरती का फेसबुक लाइव पर सजीव प्रसारण किया जा रहा है। जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को होने वाली आरती में देश ही नहीं विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु जुड़ रहे हैं। इसे देखते हुए प्रयागराज के दूसरे मंदिरों भी आरती को सोशल साइट पर डालने की तैयारी कर रहे हैं। बतादें कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर के कपाट २० मार्च को बंद कर दिए गए थे। मंदिर के छोटे महंत योगगुरु स्वामी आनंद गिरि ने २१ मार्च से अपने फेसबुक लाइव पर आरती का प्रसारण शुरू कर दिया था। फेसबुक पर स्वामी आनंद गिरि नाम से ही उनका पेज है जिस पर आरती लाइव होती है।

## कोरोना वारियर्स के कार्यों को दें प्रोत्साहन-केशव प्रसाद मौर्य




सूचना विभाग प्रयागराज। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोगों से आह्वान किया है कि सभी लोग धरा को हरा भरा बनाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए वातावरण को प्रदूषण मुक्त करने व अपने आसपास सफाई रखने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर संकल्प लें कि धरती माता को हरा भरा बनाने में हम लोग कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। दिनांक २२.०४.२०२० को केशव प्रसाद मौर्य ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर लखनऊ आवास परिसर में वृक्षारोपण किया तथा सभी से आह्वान किया कि सभी लोग सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए यथासंभव वृक्षारोपण पर अपने अनुभवों को साझा करें। उन्होंने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी से बचने के लिए लाकडाउन चल रहा है, जिससे धरती को नया जीवन मिल गया है,हवा पानी भी साफ हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा देश कोरोना से मजबूती के साथ उनके नेतृत्व में लड़ रहा है।

## लॉकडाउन में हुआ दूल्हा-दुल्हन पर मुकदमा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लाकडाउन में पुलिस ने बिना इजाजत के शादी करने, लॉकडाउन के आदेश का पालन न करने के आरोप में शादी रचाने वाले नैनी के कारोबारी पुत्र दीपांशु समेत आठ के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं कीडगंज पुलिस का कहना है कि शादी में शामिल हुए अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शादी बगैर इजाजत के हुई दूसरी ओर परिवारवालों के पास एसपी सिटी की ओर से २० अप्रैल को दिया गया अनुमति पत्र में एसपी सिटी ने कीडगंज के एसओ को ही निर्देशित किया था। शादी में २० लोग उपस्थित हुए थे। वही बगैर मास्क लगाए वायरल हुए फोटो को आधार बनाते हुए दूल्हा-दुल्हन और रिश्तेदारों समेत आठ के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## विश्व कल्याण के लिए सांसद रवि किशन ने किया हवन



रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। इस वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से निजात पाने के लिए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के भाजपा सांसद रवि किशन ने सम्पूर्ण विश्व के कल्याण के लिए हवन पूजन किया। मुंबई स्थित उन्होंने अपने आवास पर हवन का और पूजन किया ताकि जल्द से जल्द इस वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से निजात मिल सके। दूसरी ओर गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यालय पर भी हवन पूजन का आयोजन किया गया। पूजन का आयोजन में सांसद प्रतिनिधि समरेंद्र विक्रम सिंह, पार्षद रनंजय सिंह, मनोज अभिलाष शाही,रणवीर सिंह,गोलू आदि लोग उपस्थित रहे।

## लॉकडाउन अवधि में बढ़ी सख्ती

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए घोषित लॉकडाउन नियमों के उल्लंघन पर जिला प्रशासन अब और सख्त रुख अख्तियार करने लगा है। अनावश्यक कार्य से निकले लोगों को शनिवार दिनांक २५.०४.२०२० को पुलिस कर्मियों ने फटकार लगाते हुए दोबारा घर से बाहर निकलने पर कार्रवाई की चेतावनी देते हुए वापस लौटा दिया। लॉकडाउन अवधि में बिना किसी आवश्यक कार्य के लगातार बाहर टहल रहे लोगों से परेशान जिला प्रशासन सख्त रुख अख्तियार करने लगा है। माइक से लगातार पुलिसकर्मी लॉकडाउन नियमों की जानकारी देते हुए खुद के साथ परिवार व समाज को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाने के लिए घर में रहने की नसीहत देते हुए दिख रहे हैं। बावजूद इसके अनावश्यक लोग बहार निकल रहे हैं। ऐसे लोगों को अब चिन्हित करने के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## लॉकडाउन के बाद भी काशी विश्वनाथ मंदिर में होगा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन


रे.स.ब्यू./सूत्र.वाराणसी। लॉकडाउन खत्म होने के बाद भी वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराया जायेगा। सूत्रों के अनुसार मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल सिंह ने कहा है कि मंदिर खुलने के बाद भी गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। बतादें कि मंदिर अभी तीन मई तक बंद है। मंदिर खुलने का फैसला सरकार के निर्णय के अनुसार होगा। वहीं हाथ धोने के लिए मंदिर जाने वाले मार्गो पर साबुन और सेनेटाइजर का भी प्रबंध किया जाएगा।

## अक्षय तृतीया पर महामारी के खात्मे कि हुई कामना

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। घरों में श्रद्धा, सादगी के साथ अक्षय तृतीया का पर्व मनाया गया। लॉकडाउन के कारण सोना -चांदी व आभूषण की खरीदारी नहीं हो सकी। वहीं घरों में लोगों ने भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का पूजन शुभ मुहूर्त में कर सुख-समृद्धि के साथ कोरोना महामारी के खात्मे की कामना की।

मंदिरों में आरती-पूजन के साथ भगवान को चावल, मेवा, मखाना और पंचामृत का भोग भी लगाया गया। कीडगंज की रहने वाली किरन बाला श्रीवास्तव ने बताया कि घर में ही लक्ष्मी का पूजन किया और महामारी को खात्मे की कामना की। उन्होने कहा कि लॉकडाउन के बाद शुभ के लिए आभूषण खरीद लूंगी। दूसरी ओर जैन समुदाय ने अक्षय तृतीया का पर्व दान दिवस के रूप में मनाया। एसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ की प्रेरणा से जैन समुदाय में आहार प्रथा की शुरुआत हुई। इस अवसर पर प्रयाग जैन समाज की ओर से जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया।

## पेपरलेस और पारदर्शी कामकाज के लिए पूर्व मध्य रेल ने अपनाया ई-ऑफिस प्रणाली



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। ई-ऑफिस कार्यान्वयन भारत सरकार के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कार्यक्रम के तहत एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है। जिसका उद्देश्य कागज रहित, अधिक कुशल, प्रभावी और पारदर्शी अंतर-सरकार और अंतर-सरकारी लेनदेन और प्रक्रियाओं की शुरूआत करना है। बतादें कि भारतीय रेल की अनुसंगी इकाई रेलटेल ने मार्च, २०१६ में भारतीय रेल के साथ समझौता किया था। जिसके अंतर्गत रेलटेल ने भारतीय रेल के ५८ प्रति"ठानों में ५०,००० से अधिक उपयोगकर्ता बना लिये हैं। इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय सहित सभी पांचों मंडलों ने भी इस प्रणाली को अपना लिया है।

## करवट लेता मौसम के मिजाज

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मौसम विभाग ने कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने एवं बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जारी किया है। शनिवार दिनांक २५.०४.२०२० को उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। वहीं मौसम के मिजाज को देखते हुए किसानों को सलाह दी गई है कि वे खलिहान मे पड़ी फसलों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं। —

## शिक्षक ने पुल से कूदकर दी जान

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। एक शिक्षक ने यमुना में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शिक्षक की शिनाख्त पुल पर मिली बाइक एवं कूदने के दौरान जेब से गिरे पहचान पत्र के जरिए हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जसरा निवासी केशव प्रसाद द्विवेदी के पुत्र विजय कुमार द्विवेदी उम्र करीब ३२ वर्ष जसरा स्थित ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कालेज में शिक्षक थे। शनिवार २५.०४.२०२० को दोपहर विजय घर में बिना किसी को बताए बाइक से नए पुल पर पहुंच गए और बाइक खड़ी कर यमुना में कूद गए। कूदते समय विजय की जेब में रखा पहचान पत्र गिर गया। पुलिस की मदद से गोताखोरों ने शव बाहर निकाला। मृत के परिवार के मुताबिक उसकी तबियत पिछले कई महीनों से खराब चल रही थी। वह घर में गुमसुम बैठे रहते थे। किसी से बात भी नहीं करते थे।

## मास्क पर हर्बल स्प्रे का छिड़काव बचा सकता है घुटन से




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस, डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को लंबे समय मास्क लगाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें कई बार सांस लेने में घुटन महसूस होती है। भारतीय वैज्ञानिकों ने एक हर्बल डीकन्जेस्टैंट स्प्रे विकसित किया है, जो इस समस्या से निजात दिलाने में मददगार हो सकता है। यह हर्बल डीकन्जेस्टैंट स्प्रे इन्हैलर की तरह काम करता है, जिसे नेशनल बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनबीआरआई) के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार किया गया है। लखनऊ स्थित एनबीआरआई काउंसिल ऑफ साइंटिफिक ऐंड इंडस्ट्रियल रिसर्च की एक प्रयोगशाला है, जिसे मुख्य रूप से वनस्पतियों पर किए जाने वाले उसके अनुसंधान कार्यों के लिए जाना जाता है। एनबीआरआई के इस हर्बल स्प्रे के शुरुआती नतीजे बेहद शानदार मिले हैं। देर तक मास्क पहनने वाले लोगों को इससे काफी राहत मिल रही है। एनबीआरआई के मुख्य वैज्ञानिक डॉ.शरद श्रीवास्तव ने इंडिया साइंस वायर को बताया कि इस हर्बल डीकन्जेस्टैंट स्प्रे को औषधीय और सुगंध पौधों से तैयार किया गया है और इसका उपयोग पूरी तरह से सुरक्षित है। जिन पादप तत्वों का उपयोग इस स्प्रे में किया गया है, उनके नाम का खुलासा बौद्धिक संपदा संबंधी कारणों से अभी नहीं किया जा सकता। इसे सिर्फ एक बार मास्क पर स्प्रे करना होता है। स्प्रे करने के बाद मास्क का उपयोग करने पर नासिका और वसन तंत्र खुल जाता है और फिर सांस लेने में परेशानी नहीं होती। इस स्प्रे को आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के आधार पर तैयार किया गया है। संस्थान की योजना है कि बड़े पैमाने पर इसका उत्पादन किया जा सके और इसे जरूरतमंदों तक पहुँचाया जा सके।

## कोविड-१९ से लड़ाई में अहम होगी सामूहिक सहयोग की ताकत- डॉ. हर्ष वर्धन



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.हर्ष वर्धन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लायंस क्लब इंटरनेशनल के सदस्यों के साथ संवाद के दौरान कहा, कि कोविड-१९ के खिलाफ लड़ाई में लायंस क्लब के सदस्यों के विशेष रूप से पीएम केयर्स अंशदान, अस्पतालों के लिए उपकरणों, सैनिटाइजर्स, खाद्य पदार्थों, पीपीई किट और एन ९५ मास्कों आदि के माध्यम से सराहनीय योगदान की कद्र करता हूं। उन्होंने पोलियो, मोतियाबिंद आदि अभियानों में वर्षों से किए जा रहे उनके योगदान की सराहना की। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने कोविड-१९ से लड़ाई में सरकार के प्रयासों में एक बार फिर सामूहिक सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, कोविड-१९ को हराने में हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है, जो विश्व के २०० से ज्यादा देशों में फैल चुका है। उन्होंने करोड़ों लोगों को भोजन और कई लोगों को जरूरी चिकित्सा उपकरण तथा सुरक्षात्मक गियर उपलब्ध कराने के लिए भी उनकी सराहना की।

## महंगाई भत्ता फ्रीज को, बिजलीकर्मियों का विरोध

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। महंगाई भत्ता फ्रीज किए जाने और अन्य भत्तों को रोकने को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने विरोध किया है। संघर्ष समिति ने केंद्र और राज्य सरकार से १८ माह का महंगाई भत्ता फ्रीज किए जाने के संबंध में कहा है कि इस फैसले पर पुनर्विचार करें और आदेश तत्काल वापस ले। समिति के पदाधिकारियों ने जारी साझा बयान में कहा कि इस फैसले से कोविड -१९ महामारी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति कर रहे कर्मियों को भारी निराशा हुई है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की तर्ज पर अगले डेढ़ साल के लिए राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता व महंगाई राहत न बढ़ाने का फैसला किया है। जिसका साइड इफेक्ट नजर आना शुरू हो गया है। इसके अलावा छह अन्य भत्तों का भी भुगतान स्थगित कर दिया है। इससे सरकार के खजाने से करीब १० हजार करोड़ रुपये की बचत होगी। इस फैसले से प्रदेश के करीब १६ लाख कर्मियों और ११.८२ लाख पेशनरों को झटका लगेगा।

## संक्रमण से लड़ने के लिए प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं हर्बल उत्पाद

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स (सीमैप), लखनऊ के शोधकर्ताओं ने दो नये हर्बल उत्पाद विकसित किए हैं। ये हर्बल उत्पाद रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने के साथ सूखी खांसी के लक्षणों को कम करने में भी मददगार हो सकते हैं, जिसका संबंध आमतौर पर कोविड-१९ संक्रमण में देखा गया है। सीमैप, जो वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की एक घटक प्रयोगशाला है, ने अपने हर्बल उत्पादों 'सिम-पोषक और 'हर्बल कफ सिरप' की तकनीक को उद्यमियों और स्टार्ट -अप कंपनियों को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। ये दोनों उत्पाद प्रतिरक्षा को बढ़ाने में प्रभावी पाए गए हैं। इन उत्पादों में पुनर्नवा, अश्वगंधा, मुलेठी, हरड़, बहेडा और सतावर सहित १२ मूल्यवान जड़ी बूटियों का उपयोग किया गया है। सीमैप के निदेशक डॉ.प्रबोध के. त्रिवेदी ने कहा कि इन हर्बल उत्पादों के निर्माण के लिए संस्थान स्टार्ट-अप कंपनियों एवं उद्यमियों से करार के बाद उन्हें पायलट सुविधा प्रदान करेगा।

## महाराष्ट्र से लौटा युवक खुद पहुंचा क्वारंटीन स्थल


रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। शिव बिहारी कुशवाहा निवासी झूंसी से उन लोगों को सीख लेनी चाहिए जो इस देश विदेश से आकार छिपकर घरों में बैठे हैं और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन का सहयोग नहीं कर रहे हैं। महाराष्ट्र के अकोला से शिव बिहारी २० अप्रैल को किसी तरह घर लौट आया। उसने बताया कि पहले वह अकोला से किसी तरह प्रयागराज पहुंचा। यहां उतरने के बाद वह घर ना जाकर पहले चेकअप कराने के लिए पहुंच गया। जांच के बाद रिपोर्ट निगेटिव आई तो उसे घर भेज दिया गया। वहीं कालोनी के लोगों ने उसे अंदर घुसने से मना कर दिया। इस पर नोडल अधिकारी ने कॉलोनी के लोगों से फोन पर बात की। इसके बाद वह घर गया।

# सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उम्र घटाने का कोई प्रस्ताव नहीं- डॉ. जितेंद्र सिंह



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। सरकार ने मीडिया में चल रही उन खबरों को सिरे से खारिज किया है, जिनमें सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उम्र ५० वर्ष करने की बात कही गई है। केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक,लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिनांक २६.०४.२०२० को स्पष्ट रूप से कहा कि न तो सेवानिवृत्ति की उम्र घटाने की कोई पहल की गई है और न ही सरकार के स्तर पर ऐसे किसी प्रस्ताव पर चर्चा की गई है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कुछ तत्व बार-बार सोशल मीडिया पर गलत जानकारियां फैला रहे हैं और इनके पीछे सरकारी स्रोतों या डीओपीएंडटी का हवाला दिया जा रहा है। कार्मिक मंत्रालय के संबंध में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसा ही फर्जी समाचार था कि सरकार ने पेंशन में ३० प्रतिशत कटौती और ८० वर्ष से ज्यादा उम्र वालों की पेंशन बंद करने का फैसला किया है।

# एक दिन में ३.१३ लाख टन खाद्यान की लदाई कर रेलवे ने बनाया रिकार्ड



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। कोविड-१६ के कारण हुए देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान भारतीय रेलवे ने अपनी माल ढुलाई सेवाओं के माध्यम से खाद्यान्न जैसे आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने २२ अप्रैल २०२० को एक ही दिन में ११२ रेकों में ३.१३ लाख टन के बराबर खाद्यान की लदाई का रिकार्ड बनाया, जबकि खाद्यान्न लदाई का पिछला रिकॉर्ड ६ अप्रैल २०२० को ६२ रेकों (२.५७ लाख टन) और १४ अप्रैल २०२० तथा १८ अप्रैल २०२० को ८६ रेकों (२.४६ लाख टन) का था।

भारतीय रेलवे ने ०१.०४.२०२० से लेकर २२.०४.२०२० तक कुल ४.५८ मिलियन टन खाद्यान्न की लदाई और ढुलाई की, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान १.८२ मिलियन टन की लदाई व ढुलाई की गई थी।


**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**


14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# लाकडाउन के बाद ट्रेनों के संचालन में जुटा रेलवे

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल संचालन सुचारु रूप से हो इसके लॉकडाउन खत्म होने के बाद रेलवे ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए २१ विषयों पर काम शुरू किया गया है। रेलवे बोर्ड एवं जोनल रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को इसके लिए लगाया गया है। इसमें उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी को रेलवे बोर्ड ने परिचालन और विनिर्माण गतिविधियों के संबंध में योजना तैयार करने वाली समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ०३ मई के बाद ट्रेनों के संचालन शुरू होना है या नहीं यह केंद्र सरकार या राज्य सरकार को तय करना है। लेकिन लॉकडाउन जब भी खुलेगा तो सुरक्षित रेल संचालन कैसे शुरू हो, ऐसे ही कुल २१ विषयों पर रेलवे ने काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही समन्वय अधिकारी के माध्यम से अपनी रिपोर्ट रेल मंत्रालय को भेजा जाएगा।



उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार के अनुसार जीएम एनसीआर सहित चार जोनल रेलवे के जीएम की कमेटी गठित हुई है। जिसके नोडल अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक बनाए गए हैं।

# लॉकडाउन के दौरान रेलवे में इस वर्ष खाद्यान्न ढुलाई में वृद्धि

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। रेलवे कोविड-१६ के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान माल और पार्सल सेवाओं से देश भर में खाद्यान्न जैसी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास जारी रखे हुए है। लॉकडाउन में इस वर्ष भारतीय रेल ने देश भर में निजी खाद्यान्नों के ७.७५ लाख टन से अधिक माल की ढुलाई की जबकि पिछले वर्ष में लगभग ६.६२ लाख टन माल की ढुलाई की गई थी।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो


समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०



# पटरी पर लौट रहा है रेल कोचों का निर्माण कार्य

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेलवे की उत्पादन इकाई रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ), कपूरथला ने २८ दिनों के देशव्यापी लॉकडाउन के बाद २३ अप्रैल, २०२० को अपनी उत्पादन प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है। कोविड-१६ के खिलाफ अथक लड़ाई के बीच गृह मंत्रालय और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी सभी सुरक्षा सावधानियों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इस कारखाने को फिर से खोला गया है।

कुल मिलाकर ३७४४ कर्मचारियों को काम शुरू करने की अनुमति दी गई है। लॉकडाउन के बाद ड्यूटी में शामिल होने वाले सभी कर्मचारियों को एक-एक सेफ्टी किट जारी की गई है जिसमें मास्क, सैनिटाइजर की बोतल और साबुन शामिल हैं।

प्रशासनिक कार्यालयों में ३३ प्रतिशत कर्मचारियों को रोटेशन रोस्टर के आधार पर ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है।

# अमित खरे ने संभाला सूचना प्रसारण में सचिव का प्रभार



नयी दिल्ली। झारखंड कैडर के 1985 बैच के आईएएस आफिसर अमित खरे ने सोमवार दिनांक २७.०४.२०२० को सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव के रूप में दूसरी बार पदभार ग्रहण किया। पहली बार अमित खरे को मई २०१८ में सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव बनाया गया था। बताते कि रवि मित्तल ने दिसंबर २०१६ में उनकी जगह ली थी। उच्च शिक्षा सचिव अमित खरे को सूचना और प्रसारण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया, जबकि रवि मित्तल को खेल विभाग में स्थानांतरित किया गया है।